परिपत्र / महत्वपूर्ण

पत्रांक-स्था-1-सेवा निवृत्तिक देयों का भुगतान/ 2152/1617031 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

( स्थापना राजपत्रित अनुभाग )

लखनऊ :: दिनांक :: 09 सितम्बर-2016

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
समस्त ज्वाइंट कमिश्नर(कार्यपालक) वाणिज्य कर,
समस्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन/ आहरण-वितरण अधिकारी,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवा निवृत्तिक देयों का भुगतान समय से तथा प्राथमिकता पूर्वक कराने हेतु कृपया पूर्व में निर्गत निर्देशों का सन्दर्भ लें। कदाचित उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है जिससे सेवा निवृत्तिक लाभ समय से न मिलने सम्बन्धी शिकायतों में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में एक रिट याचिका एवं उसके क्रम में योजित अवमानना याचिका में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अन्तर्गत गम्भीर रुख अपनाया गया है। शासन स्तर पर भी इसे अत्यन्त गम्भीरता से लिया गया है।

2- अत: प्रदेश के समस्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर/ असिस्टेन्ट कमिश्नर, आहरण-वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर को उनके अधिक्षेत्र के कार्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवा निवृत्तिक लाभ प्रदान करने के लिए नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। समस्त नोडल अधिकारियों का दायित्व होगा कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति तिथि के 06 माह पूर्व से ही पेंशन प्रपत्र आदि की कार्यवाही अनिवार्य रुप से प्रारम्भ करने में तथा सेवा निवृत्ति की तिथि पर ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके अर्जित अवकाश खाते में अवशिष्ट अर्जित अवकाश का नकदीकरण, जी0पी0एफ0 खाते की धनराशि का 90 प्रतिशत आदि का यथासमय भुगतान करने की भी व्यवस्था करेंगे।

3- कृपया इस सम्बन्ध में जोन, सम्भाग, वाणिज्य कर मण्डल स्तर पर मासिक समीक्षा एवं अनुश्रवण करते हुए सेवा निवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों को सेवानिवृत्तिक देयों का भुगतान शीर्ष प्राथमिकता पर कराया जाना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य न होगी।

9/09/16.

( मुकेश कुमार मेश्राम )
कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक:: उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर, मनोजरंजन कर, उ0प्र0 शासन।
2- समस्त एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, मुख्यालय/ लखनऊ।
3- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर,गोमतीनगर, लखनऊ।
4- समस्त ज्वाइंट कमिश्नर वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
5- असिस्टेन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय बेवसाईट में डालने हेतु।

09.9.2016

( सुनील कुमार राय )
ज्वाइंट कमिश्नर(स्थापना) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।